>

Title: Need to set up a Central University in Chitrakoot mandal in Bundel Khand region in Uttar Pradesh.

श्री आर.के. सिंह पटेल : मैं केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग रखना चाहता हूं। हमारे यहां उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए इंटरकालेज से जो छात्र-छात्राएं पढ़कर आगे जाना चाहती हैं, उन्हें डिग्री कालेज और विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं मिल रहा है, जबकि आजकल दाखिलों का दौर चल रहा है। हमारा क्षेत्र, जहां से मैं चुनकर आता हूं, एक पिछड़ा हुआ इलाका है। उस बुंदेलखंड में चित्रकूट मंडल में एक भी विश्वविद्यालय नहीं है। उत्तर प्रदेश में 19 मंडल हैं और 14 विश्वविद्यालय हैं। मेरी सरकार से मांग है कि कम से कम एक मंडल या एक कमीश्नरी में एक विश्वविद्यालय की स्थापना होनी चाहिए और चित्रकूट मंडल में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना हो। इससे जो छात्र-छात्राएं दाखिला नहीं ले पाती हैं, हमारा बुंदेलखंड जो सुदूर अंचल तक फैला हुआ है, वहां पर एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय होने से उन्हें दाखिला लेने में आसानी होगी, ऐसी मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं।